## महत्वपूर्ण एवं खास

### राज्य में आज कई स्थानों पर भारी बारिश का अंदेशा

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से बारिश में ब्रेक लगा हुआ है, जिसके चलते तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रहा है। हालांकि खेती किसानी के दृष्टिकोण से अब मूसलाधार बारिश की जरूरत महूसस होने लगी है। ऐसे में मौसम विभाग की ओर से एक बार फिर किसानों और आम जनता को खुश करने देने वाली जानकारी दी है। मौसम विभाग ने आज यानि राविवार शाम से भारी बारिश की चेतावनी जारी है। मौसम विभाग ने बस्तर और सरगुजा संभाग में येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की मानें तो बस्तर और सरगुजा संभाग के कई जिलों में आज भारी से भारी बारिश हो सकती है। बताया जा रहा है कि एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश और उससे लगे उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश के ऊपर स्थित है, इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### अलग-अलग क्षेत्र से तीन नाबालिक लापता

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से एक नाबालिक लडक़ा और दो नाबालिक लडक़ी गायब हो गई है। पुलिस ने तीनों ही मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पंडरी निवासी 48 वर्षीय प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी के नाबालिक लडक़ा को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इसी तरह रावाभाठा निवासी 51 वर्षीय प्रार्थी ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपी ने उसकी नाबालिक भतीजी को भगा ले गया है। वहीं आमासिवनी निवासी 36 वर्षीय प्रार्थी ने विधानसभा थाना में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपी ने उसकी नाबालिक लडक़ी को भगा ले गया है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### लाखों रुपए का माल लेकर ट्रक चालक फरार

**रायपुर (आरएनएस)।** रावाभांठा ट्रांसपोर्ट नगर से 166 बोरी सुखा मिर्ची लोड कर रवाना ट्रक लापता हो गया। प्रार्थी ने मामले में ट्रक चालक व खलासी के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सोनू शर्मा 36 वर्ष डीएम टॉवर के पास रावाभाठा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि रावाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर से ट्रक में 166 बोरी सुखा मिर्च कीमती 529872 लोड कर आरोपी होरील राय व मंतोष कुमार यादव लखीसराय बिहार के लिए रवाना हुआ था, जो आज तक अपने गंतव्य स्थान तक नहीं पहुंच पाया। प्रार्थी ने ट्रक चालक व खलासी से संपर्क करने का प्रयास किया। नहीं होने पर उसने इसकी शिकायत खमतराई थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ दो युवक पकड़ाए

**रायपुर (आरएनएस)।** नेवरा और विधानसभा पुलिस के टीम अवैध शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 35 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 620 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस ने ग्राम टण्डवा के रेलवे अंडरब्रीज के पास आरोपी ललीत धीवर 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने ग्राम तर्रा मोड़ के पास आरोपी शक्ति उईके 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 15 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 320 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# केंद्रीय गृह मंत्री ने पीपुल फॉर पीपल अभियान का किया शुभारंभ

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पीपल के पौधे का किया रोपण
- नवा रायपुर में 204.84 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण

**रायपुर । आरएनएस**



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में निर्माणाधीन नवीन विधानसभा परिसर में ''पीपुल फॉर पीपल'' अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर स्मार्ट सिटी योजना के तहत रेलवे स्टेशन, स्मार्ट रोड, पार्किंग एवं स्मार्ट स्कूल सहित 204.84 करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, खेल युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्व राजेश मूणत, किरण देव, पुरंदर मिश्रा, इंद्रकुमार साहू, मोती लाल साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**एक लाख पौधों का होगा रोपण**

नवा रायपुर अटल नगर द्वारा ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान अंतर्गत ''पीपुल फॉर पीपल'' कार्यक्रम में एक लाख से अधिक स्थानीय प्रजाति के बड़े पेड़ रोपे जाएंगे। वर्तमान में 21,000 से अधिक पीपल के वृक्ष लगाये जा चुके हैं। नवा रायपुर अटल नगर का लक्ष्य है कि शहर में किसी भी स्थान पर खड़े होने पर पीपल का वृक्ष दिखाई दे।

पीपल के वृक्ष के संबंध में श्रीमद भगवद्गीता में भी भगवान कृष्ण ने कहा है कि ''वृक्षों में मैं पीपल हूं।'' पीपल का वृक्ष 100 वर्षों से अधिक एवं 24 घण्टे जीवनदायिनी वायु प्रदान करने वाला वृक्ष है। कार्यक्रम अंतर्गत युवाओं को जोडऩे एवं जन सुविधा हेतु मोबाईल एप के माध्यम से ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान अंतर्गत ''पीपुल फॉर पीपल'' में वर्चुअल एडॉप्शन की सुविधा का उपयोग कर 2000 से ज्यादा जन सामान्य सहभागी भी बन चुके हैं।

**रेलवे स्टेशन, स्मार्ट रोड, पार्किंग**

नवा रायपुर अटल नगर से अन्य शहरों की कनेक्टीविटी के लिए बिछाई गई रेलवे लाईन में शहर के मध्य रेलवे स्टेशन की सुविधा उपलब्ध होगी। यह स्टेशन 75 करोड़ रूपए की लागत से तैयार की गई है। नवा रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 4 रेलवे स्टेशन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। नवा रायपुर अटल नगर में लगभग 5.3 किलोमीटर में स्मार्ट सडक एवं अन्य आवश्यक अधोसंरचना का निर्माण 35.25 करोड़ रूपए की लागत से किया गया है। 100 बस के अतिरिक्त 148 कार, टैक्सी और लगभग 250 दोपहिया वाहनों की पार्किंग की सुविधा 23.12 करोड़ रूपए की लागत से विकसित की गई है।

**विश्वस्तरीय स्मार्ट स्कूल**

राखी गांव में विश्वस्तरीय स्मार्ट शैक्षणिक व्यवस्था की सुविधा एवं वृहद बहुद्देशीय सभागार प्रदान करने के लिए 18 करोड़ रूपए हायर सेकेण्डरी स्कूल तैयार किया गया है। इससे 1200 से ज्यादा बच्चों को विश्वस्तरीय शिक्षा का माहौल मिलेगा। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा हेतु 11 करोड़ रूपए की लगात से भवन निर्मित किया गया है। इस स्कूल में 950 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। नवा रायपुर अटल नगर के 11 ग्रामों में 10.35 करोड़ रूपए की लागत से प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों का उन्नयन किया गया है, जिससे लगभग 4300 स्कूली बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिलेगा।

**भू-संवर्धन एवं वृक्षारोपण**

बागवानी कार्य में जल निकायों का विकास के लिए 16 करोड़ रूपए की लागत से मंत्रालय के निकट जल संवर्धन, नालों, तालाबों को पुनर्जीवित करना एवं वृक्षारोपण का कार्य किया गया है। इसके अलावा वर्षा जल की प्राकृतिक धाराओं को विकसित कर भू-जल स्तर को बढाने के लिए 16.12 करोड़ रूपए की लागत से आवश्यक कार्य एवं नये तालाबों का निर्माण तथा वृक्षारोपण कार्य किये गये है।

# छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर का किया निरीक्षण

**रायपुर । आरएनएस**

जशपुर पहुंचे छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने जिला जशपुर के तालुका न्यायालय, व्यवहार न्यायालय बगीचा और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर का निरीक्षण किया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत हुए। मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा व्यवहार न्यायालय बगीचा के निरीक्षण उपरांत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां पहुंचने पर मुख्य न्यायाधिपति का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर के न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं ने स्वागत किया।

मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर के कोर्ट के संचालन के लिए बने विभिन्न अनुभाग अभिलेखागार, कंप्यूटर सर्वर रूम, फस्ट एड क्लीनिक, मालखाना, बच्चों के लिए बने किलकारी कक्ष, कुटुम्ब न्यायालय, अधिवक्ता कक्ष सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया और अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों से चर्चा के दौरान कहा कि मैं आज लगभग 400 किलोमीटर की दूरी तय कर बिलासपुर से आप लोगों से मिलने और आप लोगों की समस्याओं से अवगत होने के लिए आया हूं। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों में बने न्यायालय में जाकर वे वहां की व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं, ताकि वहां पर किसी भी प्रकार की कमी हो तो सुधार किया जा सके और न्याय व्यवस्था आम नागरिकों के लिए सुलभ हो सके। मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने किलकारी कक्ष के निरीक्षण के दौरान वहां पर मौजूद कक्षा पहली में पढऩे वाले मयंक यादव से बात की और उसे उपहार प्रदान करते हुए उक्त बालक के साथ फोटो भी लिया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश हिरेन्द्र सिंह टेकाम भी मुख्य न्यायाधिपति के साथ मौजूद रहे।

मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने अधिवक्ताओं से चर्चा के दौरान कहा की वे यहां पहली बार आ रहे हैं। जशपुर जिले का नैसर्गिक सौंदर्य सहज ही आकर्षित करने वाला है, जशपुर जिला छत्तीसगढ का कश्मीर है। मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने कहा कि न्याय की व्यवस्था को सुदूर अंचल तक पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय को डिजिटल किया गया है ताकि किसी भी स्थान से अधिवक्ता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी अपने प्रकरण में जिरह कर सकें। अन्य सुविधा के लिए मोबाईल एप भी बनाए गए हैं, जिसके माध्यम से सुदूर अंचल के निवासी एवं गरीब पक्षकार भी लाभ प्राप्त कर समय एवं पैसे का बचत कर सके।

मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने जशपुर जिले के व्यवहार न्यायालय कुनकुरी के न्यायालय एवं सभी अनुभाग का निरीक्षण भी किया एवं अधिवक्ताओं से सौजन्य मुलाकात किया।

# हाथियों के दल ने जमकर मचाया तांडव, किसानों के घर और फसलें हुई बर्बाद, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**एमसीबी । आरएनएस**

महेंद्रगढ़ चिरमिरी में हाथियों का आतंक हमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीण हाथियों की वजह से दहशत में है। हाल ही में 11 हाथियों के दल ने गांव में घुसकर जमकर उत्पाद मचाया है। हाथियों ने कई किसानों की घरों को कुचलकर रख दिया। तो वही खेतों को भी काफी नुकसान पहुंचाया ।

हाथियों के बढ़ते उत्पादन से किसानों की सारी फसलें बर्बाद हो गई। किसानों की घंटों की मेहनत हाथियों ने चंद मिनटों में तहस-नहस कर दी। फसल खराब होने के कारण किसानों को काफी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा। हाथियों की दल के उत्पात की जानकारी वन विभाग की टीम को दी गई।

मौके पर पहुंची रेंजर की टीम ने ग्रामीणों को समझाइए दी।हाथी पर काबू पाने की बात कही। ग्रामीणों से संयम बरतने की अपील की। वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र की निगरानी करने में लगी हुई है। और ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि इस मामले का जल्द से जल्द निपटारा किया जाएगा।

# वनमंडल कवर्धा ने एयरगन से बंदर पर हमला करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**कवर्धा (आरएनएस)।** ग्राम राजनावगांव के केंवट पारा में एक बंदर मृत अवस्था में पाया गया। वनमंडल कवर्धा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एयरगन से बंदर पर हमला करने के आरोपी महेश सोनी को गिरफ्तार कर लिया है।

24 अगस्त 2024 को हनुमंत सेवा संस्थान के अध्यक्ष निलेश सोनी और लोकेश ने सूचना दी कि ग्राम राजनावगांव के केंवट पारा में एक बंदर घायल है। इसके बाद, परिक्षेत्र अधिकारी कवर्धा, परिक्षेत्र सहायक राजानवागांव, परिसर रक्षक दियाबार और थुहापनी के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। स्थल पर पहुंचकर बंदर की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि बंदर के मुंह और नाक से खून बह रहा था और उसके गले में छेद था, जिससे प्रतीत होता था कि बंदर को एयरगन से मारा गया है।

वनमंडलाधिकारी, कवर्धा के मार्गदर्शन में उप वनमंडलाधिकारी, कवर्धा के नेतृत्व में जांच कार्यवाही शुरू की गई। ग्रामीणों से पूछताछ के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी नहीं मिलने पर, गहन जांच के बाद पता चला कि बंदर कौशल सोनी के घर की ओर से जमुना यादव के छत पर गिरा था। कौशल सोनी से पूछताछ की गई, लेकिन उन्होंने सही जानकारी नहीं दी।

इसके बाद, वनमंडलाधिकारी, कवर्धा के निर्देश पर कौशल सोनी के घर की तलाशी ली गई, जिसमें तीन एयरगन और 26 छर्रे बरामद हुए। कौशल सोनी और उनके बेटे महेश सोनी को पूछताछ के लिए कवर्धा परिक्षेत्र कार्यालय लाया गया, जहां महेश सोनी ने बंदर को मारने की बात स्वीकार की।

# एटीएम लूटने की थी तैयारी, 22 बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

**बिलासपुर-रायपुर । आरएनएस**



बिलासपुर पुलिस ने एक बड़े चोर गिरोह के एटीएम लूटने की साजिश का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने शहर के एटीएम में डकैती की तैयारी कर रहे 11 हथियारबंद बदमाशों को पकड़ा है। इस कार्यवाही में पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 पिस्टल, 2 मैगजीन, 10 जिंदा कारतूस, 6 देशी कट्टे, 1 तलवार, 1 चाकू, 2 फरसा, 1 कार और 10 मोबाइल फोन बरामद किया है। इनमें से एक आरोपी मध्यप्रदेश का रहने वाला बताया जा रहा है। इनसे इतने सारे हथियार बरामद होने पर पुलिस भी हैरान है। पुलिस ने अब इनके मंसूबो पर पानी फेर दिया है। महानिरीक्षक संजीव शुक्ला और एसपी रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस ने ऑपरेशन स्ट्रीट के तहत आरोपियों को पकड़ा है। एसीसीयू बिलासपुर और थाना सिविल लाइन की टीम ने लगातार सूचना संकलन और तकनीकी इनपुट के आधार पर पुलिस ने जरहाभाठा जतिया तालाब के पास एटीएम को लूटने की तैयारी कर रहे 11 आदतन और शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। ये सब मिलकर एटीएम लूटने की फिराक में थे लेकिन पुलिस के हत्थे चढ़ गये।

गिरफ्तार आरोपियों में :

1. स्वराज कुर्रे उर्फ कांदा (19 वर्ष), मिनी बस्ती जरहाभाठा
2. राज उर्फ बडे सिदार (39 वर्ष), मिनी बस्ती जरहाभाठा
3. मनोज कोशले उर्फ महराज कोशले (42 वर्ष), मिनी बस्ती जरहाभाठा
4. दिलीप बंजारे (36 वर्ष), मिनी बस्ती जरहाभाठा
5. विकास उर्फ विक्की बंजारे (24 वर्ष), मिनी बस्ती जरहाभाठा
6. सुभाष कुर्रे उर्फ उडिया (22 वर्ष), मिनी बस्ती जरहाभाठा
7. रितेश उर्फ चिन्टू अग्रवाल (28 वर्ष), कम्पनी गार्डन के सामने
8. अश्वनी रात्रे उर्फ राजा (25 वर्ष), शिवनाथ मार्ग जरहाभाठा
9. विजय कुमार तौमर (62 वर्ष), नगोड़ सतना, मध्य प्रदेश
10. मोनू उर्फ पृथ्वी राज ठाकुर (27 वर्ष), नया बस स्टैण्ड तिफरा
11. सुमित जायसवाल उर्फ भोलू (34 वर्ष), जबड़ापारा सरकण्डा

# माओवाद आतंक प्रभावित बीजापुर जिले के पालनार कैम्प के आसपास के 31 युवाओं ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से की मुलाकात

- बीजापुर जिले के कई युवाओं ने पहली बार देखी राजधानी रायपुर

**रायपुर । आरएनएस**

माओवादी आतंक से प्रभावित बीजापुर जिले के पालनार कैम्प के आस-पास के 5 गांव के 31 युवाओं ने आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नवा रायपुर में मुलाकात की। इनमें से कई युवा पहली बार बीजापुर से निकलकर राजधानी रायपुर आये हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा एवं वन मंत्री केदार कश्यप भी उपस्थित थे।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने इन बच्चों से हाल-चाल पूछा और उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इन बच्चों ने राजधानी रायपुर के भ्रमण के दौरान पुरखौती मुक्तागन, महानदी भवन मंत्रालय, मीवान स्टील प्लांट, मैग्नेटो मॉल, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, पुरखौती मुक्तांगन, रेलवे स्टेशन और मैग्नेटो माल का भ्रमण किये। 23 अगस्त की रात से यह युवा रायपुर पहुँचे हैं। युवा कल गंगरेल बांध घूमते हुए वापस बीजापुर लौट जाएँगे।

गौरतलब है कि पालनार सुरक्षा कैम्प के आस-पास के इन बच्चों के गांवों में नियद नेल्लानार योजना के तहत सडक़, बिजली पानी राशन, स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी सहित सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। साथ ही केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत सुरक्षा कैम्प के पांच किलोमीटर की परीधि के गांवों में नियद नेल्लानार योजना संचालित की जा रही है। बीजापुर जिले के सुरक्षा कैम्पों के पास के 33 गांवों में नियद नेल्लानार योजना संचालित की जा रही है।

बीजापुर जिला प्रशासन की पहल पर पालनार कैम्प के पास के इन गांवों के बच्चों को राजधानी रायपुर में औद्योगिक विकास सहित रोजगार के क्षेत्र में नए नए अवसर एवं विकास की सभी गतिविधियों से परिचित कराया गया है। इससे इन युवाओं में नए उत्साह का संचार दिख रहा है। ये युवा अब रोजग़ार मूलक गतिविधियों से जुडक़र अपना नया और सुंदर भविष्य बनाना चाहते हैं।

# गृहमंत्री ने की नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा

**रायपुर । आरएनएस**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ तथा पड़ोसी राज्यों में चल रहे माओवादी आतंक विरोधी अभियान की आज रायपुर में समीक्षा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में माओवादी आतंक विरोधी अभियान में छत्तीसगढ़ सरकार को हर मोर्चे पर बहुत अच्छी सफलता मिली है। पिछले आठ माह में माओवादी आतंक को रोकने के लिए छत्तीसगढ़ में जितना कार्य हुआ है, उतना कभी नहीं हुआ। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की प्रशंसा करते हुए कहा कि माओवादियों का एरिया बहुत सीमित रह गया है। छत्तीसगढ़ सरकार नक्सल विरोधी अभियान में बहुत अच्छी कार्रवाई कर रही है। जितनी तेज और प्रभावी कार्यवाही साय सरकार ने 8 माह में की, जिसमें 150 माओवादी आतंकवादी न्यूट्रेलाइज किए गए और इससे 4 गुना ज्यादा लोगों ने आत्मसमर्पण किया, वह पूरे भारत में आज तक कहीं नहीं हुआ। इस कार्यवाही में उन्होंने और तेजी लाने के उन्होंने निर्देश दिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री से मैं लगातार बात करता हूं, छत्तीसगढ़ को नक्सलियों से लड़ाई में जिस मदद की आवश्यकता होगी उसे भारत सरकार उपलब्ध कराएगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि केंद्र और राज्य की एजेंसियों को मिलकर नक्सलियों की वित्तीय कड़ी को तोडऩे का कार्य करना चाहिए। टैक्स एजेंसियों को भी संवेदनशील होकर नक्सलियों की वित्तीय कडिय़ों को तोडऩे के लिए करवाई करनी चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने नक्सल प्रभावित इलाकों में कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम चलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को शासकीय योजनाओं, प्रक्रियाओं और इंटेंट के बारे में सही इन्फॉर्मेशन दी जाए। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी जाए। ये हमें सुनिश्चित करना होगा कि केंद्र और राज्य की सभी 300 योजनाओं का शत प्रतिशत सैचुरेशन हो, उनका पूर्ण क्रियान्वयन हो। ऐसे क्षेत्र जहां माओवादी आतंक खत्म हो गया है, वहां ये समस्या दोबारा पैदा ना हो, ये सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इन क्षेत्रों में लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी हथियार वाले आन्दोलन को लोगों में सरकार के प्रति विश्वास पैदा करके ही समाप्त किया जा सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए 30 करोड़ देने की घोषणा की।

छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था, माओवादी आतंक विरोधी अभियान की प्रगति और भावी योजनाओं पर प्रस्तुतिकरण दिया। इस पर विचार-विमर्श के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ के माओवादियों में से अधिकाधिक, आत्म समर्पण करना चाहते हैं, हमें समर्पण योजना की व्यापक जानकारी रखनी चाहिए।

SJU - Contact No. +91 9301915303    E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU